LIBRARY

SCHOOL OF PLANNING AND ARCHITECTURE, BHOPAL

S.No.-2 **(JANUARY 2024)**

दैनिक भास्कर (सिटी भास्कर)	Page – 04	05/01/2024

एसपीए में फैकल्टी डेवलपमेंट **प्रोग्राम शुरू**

मानव मूल्य व्यक्ति, परिवार, समाज के लिए जरूरी : चारन

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

भौंरी स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) कैंपस में गुरुवार को सार्वभौमिक मानव मूल्य पर आधारित तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष भरत शरण सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी रहे। इस मौके पर भरत शरण ने वैश्विक मानव मूल्य के संदर्भ में भारतीय सनातन परंपरा और भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए इस विषय को सभी शिक्षकों के मध्य पहुंचाने पर बल दिया।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. हाकम दान चारन ने बताया कि मानव मूल्य एक व्यक्ति, एक परिवार और पूरे समाज के लिए आवश्यक है। कार्यशाला में मानव जीवन के सभी पहलुओं यानी सुविधा, सुख और समझ पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नोलॉजी संस्थान से आए पवनेन्द्र कुमार ने मानव मूल्यों पर आधारित प्रस्तुति दी।